हरियाणा में लागू मॉडल का अध्ययन करेगी समिति

मप्र में अतिथि विद्वानों के वेतन में हो सकती है बढ़ोतरी

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 9 जनवरी. पिछले कई वर्षों से क्लासरूम की जिम्मेदारी संभाल रहे अतिथि विद्वानों के वेतन में जल्द ही भारी वृद्धि हो सकती है. उच्च शिक्षा विभाग ने विश्व विद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यरत इन शिक्षकों की दशा सुधारने के लिए बड़ा कदम बढ़ाया है.

विभाग ने सात सदस्यीय समिति गठित कर वह प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के साथ रोजगार व्यवस्था में बड़ा बदलाव कर सकती है. शिक्षकों के लिए गठित यह समिति हरियाणा में लागू अतिथि विद्वान मॉडल का अध्ययन करेगी और जल्द एक रिपोर्ट सौंपेगी. यदि यह मॉडल प्रदेश में लागू हुआ, तो शिक्षकों के मौजूदा मानदेय में करीब डेढ़ गुना बढ़ोतरी हो सकती है. इसके साथ ही स्थायी सेवा की व्यवस्था बनने की भी संभावना रहेगी, जिसका मतलब यह होगा कि शिक्षक रिटायर की उम्र तक कक्षाओं में योगदान दे सकेंगे. बता दें कि प्रदेश में यह व्यवस्था 1990 के दशक में शुरू हुई थी, जो कि स्थायी शिक्षकों की कमी आज हजारों अतिथि विद्वान से पूरी की जा रही है. स्थिति यह है कि लगभग 4500 अतिथि विद्वान उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत हैं, जिनमें से लगभग 3700 यूजीसी मान्यता प्राप्त हैं.

नियुक्ति में नहीं है स्थायित्व

फिलहाल अतिथि विद्वानों को प्रतिदिन दो हजार रुपये के हिसाब से भुगतान होता है, जो छुट्टियों में बंद हो जाता है. महीना खत्म होने पर वे औसतन 40 से 44 हजार रुपये ही कमाते हैं. इसमें अवकाश सीमित हैं, जैसे ही स्थायी पद पर नियमित नियुक्ति होती है, अतिथि विद्वान तत्काल प्रणाली से बाहर हो जाते हैं.

समिति में शामिल हैं 6 लोग

समिति में एमएलबी कॉलेज भोपाल की प्रोफेसर डॉ. भारती जैन को संयोजक बनाया है. इसके अलावा डॉ. एचके गर्ग, डॉ. अजय कुमार भारद्वाज, डॉ. सीमा हाडिकर, डॉ. डेनीयल ग्लांस डेनी, डॉ. भूपेंद्र झा शामिल हैं.

क्या है हरियाणा मॉडल

हरियाणा में 5 साल का अनुभव रखने वाले यूजीसी पात्रता अतिथि विद्वानों को लगभग 57 हजार मासिक वेतन मिलता है. इसके साथ ही उन्हें सेवानिवृत्ति की आयु तक सेवा में बने रहने का प्रावधान है.

रेलवे लाइनों के आसपास पतंगबाजी जानलेवा

भोपाल,9 जनवरी. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने मकर संक्रांति के अवसर पर आमजन से रेलवे लाइनों के आसपास पतंगबाजी न करने की अपील की है.

रेलवे प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भोपाल रेल मंडल में ट्रेनों का संचालन 25 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज विद्युत तारों के माध्यम से किया जाता है, जिनमें चौबीसों घंटे विद्युत प्रवाह बना रहता है. ऐसी स्थिति में यदि पतंग का मांझा इन तारों में उलझ जाता है, तो करंट मांझे के जरिए सीधे पतंग उड़ाने वाले तक पहुंच सकता है, जो गंभीर हादसे या जानलेवा साबित हो सकता है. रेलवे प्रशासन के अनुसार गीले, मेटेलिक या सिंथेटिक मांझे के कारण करंट का खतरा और अधिक बढ़ जाता है. पूर्व में भी रेलवे लाइनों के पास पतंगबाजी के चलते कई गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ी है. मकर संक्रांति के दौरान पतंगबाजी बढ़ने की संभावना को देखते हुए भोपाल रेल प्रशासन ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया है. रेलवे ने कहा है कि रेल लाइन के आसपास पतंग उड़ाने से न केवल जान का जोखिम होता है. बल्कि पतंग या मांझा बिजली के तारों में फंसने से रेल संचालन भी बाधित हो सकता है, जिससे यात्री सेवाओं में देरी होती है.

रेलवन ऐप से टिकट बुकिंग पर 3% की सीधी छूट

भोपाल. रेलवे द्वारा डिजिटल टिकट बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यात्रियों के लिए एक नई सुविधा शुरू की जा रही है. पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत कोटा मंडल के यात्रियों को रेलवन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी. यह सुविधा 14 जनवरी से प्रायोगिक रूप से छह माह की अवधि के लिए लागू की जाएगी. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी है.

एक नजर में

सुधार के लिए आवेदन की आज अंतिम तारीख

भोपाल. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश ने शिक्षा सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन/प्रविष्टि में दर्ज विषयों की त्रुटि सुधार को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है. मण्डल द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रति विषय 500 रुपये शुल्क के साथ विषय त्रुटि सुधार की ऑनलाइन सुविधा की अंतिम तिथि 21 दिसम्बर 2025 रखी गई थी. छात्रहित को ध्यान में रखते हुए मंडल ने इस सुविधा को पुनः बढ़ाते हुए अब 10 जनवरी 2026 तक कर दिया है.

नई एसओआर के तहत ही कार्य कराएं : एमडी

भोपाल. लोक निर्माण विभाग के जिलों और डिवीजन में पदस्थ अभियंताओं द्वारा छह माह पहले लागू की गई नई एसओआर (शेड्यूल ऑफ रेट) पॉलिसी को नजरअंदाज कर पुराने एसओआर के आधार पर काम कराए जाने पर सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव ने कड़ा रुख अपनाया है. मामले की जानकारी मिलते ही एमपीआरडीसी के एमडी ने ऐसे अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि अब किसी भी हालत में पुराने एसओआर पर काम नहीं होना चाहिए. एमडी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की शिकायतें सामने नहीं आनी चाहिए. सभी इंजीनियर नई एसओआर के तहत ही कार्य कराएं.

स्वर्ण प्राशन से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास

एम्स भोपाल 2026 का पहला सत्र आयोजित

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 9 जनवरी. बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एम्स भोपाल के आयुष विभाग में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यपालक निदेशक प्रो माधवानंद कर के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 का पहला स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद ओपीडी में संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में माता पिता अपने बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक पहुंचे, जिसमें कुल 80 बच्चों ने भाग लिया. इनमें 53 बच्चे पहले से पंजीकृत थे, जबकि 27 नए बच्चों को शामिल किया गया. एक वर्ष से सोलह वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को स्वर्ण प्राशन की खुराकदी गई. आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉक्टर रंजना पांडे ने बताया कि स्वर्ण प्राशन एक पारंपरिक आयुर्वेदिक प्रक्रिया है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है.

> डॉक्टर रंजना पांडे ने कहा कि ऐसी पहल बच्चों को शारीरिक रूप से सक्षम और मानसिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक होती है. डॉ. पांडे ने अभिभावकों को कार्यक्रम के लाभों के प्रति जागरूक किया और नियमित पालन की सलाह दी. डॉक्टर ने बताया कि यह केवल अनुभवी आयुर्वेद डॉक्टर या पंजीकृत वैद्य ही तैयार कर दे सकते हैं. बाजार में साधारण रूप में इसे देना सुरक्षित नहीं माना जाता. उन्होंने यह भी बताया जन्म से लेकर 16 साल तक के बच्चों को अमृत जैसी खुराक के रूप में दिया जाता है.

जनरल कोच में छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल. जीआरपी रानी कमलापति ने नर्मदापुरम रेल रूट पर वर्ष 2026 का पहला छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है. शुक्रवार सुबह इटारसी से नर्मदापुरम के बीच सफर कर रही 18 वर्षीय युवती के साथ जनरल कोच में तीन युवकों ने छेड़छाड की. युवती अपने परिवार के साथ भोपाल आ रही थी. घटना के चलते जब स्वजन ने आरोपितों का विरोध किया तो उन्होंने झूमाझटकी कर दी. हालात बिगड़ते देख परिवार ने नर्मदापुरम स्टेशन पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया.

आज 50 इलाकों में होगी बिजली कटौती



भोपाल. बिजली मेंटेनेंस कार्य के चलते भोपाल के करीब 50 इलाकों में शनिवार को 2 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी.

जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें बैरागढ़ रोड, कोकता, ट्रांसपोर्ट नगर, राजधानी परिसर, न्यू सुभाषनगर, भैंसाखेड़ी, चिकलोद रोड, राजवैध कॉलोनी, आदमपुर समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं. ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें. ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े.

इन इलाकों में पड़ेगा असर

- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बैरागढ़ रोड, सिटी वॉक एवं आसपास.
- सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कोकता, ट्रांसपोर्ट नगर, आदमपुर, छावनी, डोबरा, चोर सोगनी, ओमेगा फार्म, डायमंड सिटी, राजधानी परिसर, कस्तूरी कोटयार्ड, सीआई कॉलोनी एवं आसपास के इलाके.
- सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चिकलोद रोड, ओल्ड यूनानी सफाखाना, बापू कॉलोनी, कुम्हारपुरा, अहीरपुरा, भैंसाखेड़ी, मंडी बैरागढ़, सीहोर नाका, फाटक रोड, सेवा सदन, टी वार्ड, इंद्रा नगर, एच वार्ड, एफ वार्ड एवं आसपास.
- सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक रामेश्वरम बी सेक्टर, सिल्वर स्टेट, गायत्री विहार फेस-3, ऋषिकेश विहार, मीनाक्षी प्लानेट, जाटखेड़ी एवं आसपास.
- सुबह 11 से दोपहर 2.30 बजे तक राजवैध एस सेक्टर, एकता पार्क एवं आसपास के इलाके.
- सुबह 11 से शाम 5 बजे तक पद्मनाभ नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अभिरुचि कॉलोनी, न्यू सुभाषनगर, अर्जुन नगर, शालिमार कॉम्पलेक्स, अशोका इन्क्लेव, बाग दिलकुशा, पुल बोगदा एवं आसपास.

आरडीएसएस योजना से बदली विद्युतीय अधोसंरचना विकास की तस्वीर

भोपाल. राज्य में चल रही रही रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत विद्युतीय अधोसंरचना को गति देने के लिए अनेक कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिए हैं. इस योजना के अंतर्गत दिसंबर तक प्रदेश में 228 नवीन 33/11 केवी उपकेन्द्रों की स्थापना, 15336 किमी 33 केवी लाइनों का निर्माण, 20019 किमी नई 11 केव्ही लाईनों का निर्माण, 358 नए कृषि फीडरों के विभक्तिकरण का कार्य, 1848 केपेसिटर बैंकों स्वच्छता एवं 19365 नवीन वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं.

इलाज में लापरवाही से दो पालतू कुत्तों की मौत

पेट क्लीनिक के डॉक्टर और स्टाफ पर एफआईआर

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल 09 जनवरी. राजधानी भोपाल में पालतू पशुओं के उपचार से जुड़ा एक मामला सामने आया है. शाहपुरा क्षेत्र स्थित पेट मित्र क्लीनिक में इलाज के दौरान दो पालतू कुत्तों की मौत हो गई.

इस मामले में चुनाभट्टी पुलिस ने डॉक्टर और क्लीनिक स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, घटना 7 जनवरी की दोपहर की है. फरियादी आदित्य बंशकार और शशांक मित्रा अपने-अपने बीमार पालतू कुत्तों को इलाज के लिए क्लीनिक लेकर पहुंचे थे. आदित्य का कुत्ता 8 वर्षीय जर्मन शेफर्ड जबकि शशांक का कुत्ता 9 वर्षीय पग नस्ल का बताया गया है. फरियादियों का आरोप है कि इलाज के दौरान डॉक्टर विशाल जायसवाल और क्लीनिक स्टाफ द्वारा पर्याप्त जांच और सावधानी नहीं बरती गई, जिससे दोनों कुत्तों की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई.

घटना के बाद फरियादियों ने देर रात थाना चूनाभट्टी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की पशु अपराध से संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रधान आरक्षक विजय शंकर त्रिपाठी को सौंपी है. वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय पालतू पशु प्रेमियों ने भी चिंता व्यक्त की है और पालतू पशु क्लीनिकों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके. इस मामले में क्लीनिक संचालक से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी.

शहर में लीकेज सुधार के कार्य जारी

26 स्थानों पर सीवेज चेम्बर रिपेयर किए गए

भोपाल, 09 जनवरी. नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर के नागरिकों को शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने के कार्य के साथ ही पानी की गुणवत्ता की जांच तथा शिकायतों का निराकरण संबंधी कार्यवाही निरंतर जारी है।

इसी तारतम्य में निगम अमले ने शुक्रवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों से 317 जल के नमूनों सहित शहर के अब तक कुल 773 स्थानों से जल के नमूने लेकर 08 परीक्षण शालाओं के माध्यम से जल का परीक्षण किया जा रहा है। निगम अमले ने 31 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे तथा 26 स्थानों पर सीवेज चेम्बरों को रिपेयर किया गया। निगम अमले ने सीएम हेल्पलाइन एवं महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त 47 शिकायतों में से 08 का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण भी कराया। महापौर मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन के आदेश पर नगर निगम, भोपाल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों ने शहर की झुग्गी बस्तियों से 317 सहित शहर के अन्य स्थानों से अब तक कुल 773 जल के नमूने लेकर गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी व बैक्टेरियल की जांच 08 परीक्षण शालाओं के माध्यम से कराई जा रही है।

जल के नमूने लेकर किया परीक्षण

> निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 31 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज भी सुधारे और 26 स्थानों पर सीवेज चेम्बरों को रिपेयर किया गया। निगम के जलकार्य विभाग द्वारा सीएम हेल्प लाइन, महापौर हेल्प लाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त 47 शिकायतों में से 08 शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण ढंग से किया गया।

छग के अंग्रेजी के पेपर में सवाल को लेकर विवाद

हिन्दू उत्सव समिति ने जताया विरोध, दी चेतावनी

भोपाल, 09 जनवरी. छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में सरकारी स्कूलों की चौथी कक्षा की छमाही परीक्षा के अंग्रेजी के प्रश्न-पत्र में एक सवाल किया है, जिसमें एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न में कुत्ते के नाम के लिए विकल्प में राम' नाम दिया गया था.

अंग्रेजी के पेपर में छात्रों से मोना के कुत्ते' का नाम पहचानने के लिए कहा गया था, जिसमें चार विकल्पों में से एक राम' नाम भी शामिल था. बाकी तीन विकल्प बाला, शेरू और कोई नहीं बताया गया था. इसको लेकर हिन्दू अत्सव समिति भोपाल और संस्कृति बचाओ मंच ने प्रदर्शन और कड़ी प्रतिक्रिया दी है. हिंदू से समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि केवल सनातन धर्म को अपमानित करने के उद्देश्य हमारे देवी देवताओं के बारे में इस प्रकार का कृत्य किया जाता है, जिसको की हिंदु उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच बर्दाश्त नहीं करेगा.

सुविधा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिला सोलर ऑवर में मिल रही 20 प्रतिशत छूट का लाभ

ग्रामीण उपभोक्ताओं को 15 लाख की छूट

भोपाल, 09 जनवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 04 लाख 29 हजार 935 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया.

दिसंबर 2025 में कुल 02 करोड़ 71 लाख 72 हजार की रियायत प्रदान की गई है जिसमें भोपाल ग्रामीण वृत्त के 12 हजार 785 उपभोक्ताओं को 15 लाख 76 हजार रुपये की दिन के टैरिफ में छूट मिली है. कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह दिसंबर 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है. दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है. कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है. कंपनी ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें.

1 लाख 51 हजार ने लिए नवीन विद्युत कनेक्शन

भोपाल. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में स्थायी घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है. दिसंबर 2024 से यह योजना शुरू हुई है तब से अब तक इस योजना का लाभ 01 लाख 51 हजार 849 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है. इनमें से 56 हजार 238 घरेलू तथा 95 हजार 611 कृषि पंप कनेक्शन शामिल हैं. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू तथा कृषि पम्पों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है.